




# द लॉरेक्स

डॉ. जॉयस






शहर के सुदूर छोर पर
जहां ग्रिकल-घास उगती है
और हवा चलने पर जब उसकी धीमी गंध आती है
वहां बूढ़े कौवों को छोड़कर अब कोई भी पक्षी नहीं गाता है...
वहां पर लिफ्टेड लोरैक्स नाम की एक सड़क है.





और गहरी ग्रिकल-घास में, कुछ लोग कहते हैं,
यदि आप गहराई से देखें तो आप आज भी देख पाएंगे,
उस स्थान को
जहां लोरैक्स कभी खड़ा था
जब तक वहां खड़े रहना संभव था
उसके बाद लोरैक्स को किसी ने उठा लिया.

लोरैक्स कौन था?
और वह वहां क्यों था?
और फिर उसे उठाकर कहीं क्यों ले जाया गया
शहर के सुदूर छोर से जहां ग्रिकल-घास उगती है?
बूढ़ा वन्स-लेर अभी भी वहां रहता है.
उससे पूछो. क्योंकि वही इकलौता वो राज़ जानता है.

तुम वन्स-लेर को नहीं देख पाओगे.
उसके दरवाजे पर दस्तक मत देना.
वह अपने स्टोर के ऊपर के कमरे में रहता है.
वह अपने कमरे में ठंड से छिपा रहता है,
जहां वह अपने कपड़े खुद बनाता है
चिथड़ों और चिन्दियों से!
और अगस्त की विशेष नम आधी रात में,
वह शटर से बाहर
झांकता है
और कभी-कभी वह बोलता है
और बताता है कि लोरैक्स को कैसे उठाया गया.

वही तुम्हें तभी सब बताएगा,
जब वो अपना पूरा भुगतान पाएगा.






रस्सी के सिरे से
वह एक टिन की बाल्टी नीचे लटकाएगा
और तुम्हें उसमें पन्द्रह सेंट डालने होंगे
साथ में और एक जंग लगी कील भी
और परदादा घोंघे का एक खोल भी.



फिर वो बाल्टी ऊपर खींचेगा
बड़ी सावधानी से सबको गिनेगा
यह देखने के लिए कि क्या तुमने उसे
सही मात्रा में भुगतान किया है.



फिर वह तुम्हारे भुगतान को छुपाएगा
अपने दस्ताने के
एक गुप्त अजीब से छेद में.

फिर वह गुर्राएगा, "मैं तुम्हें अपने पाइप-फोन से कॉल करूंगा,
और जो राज़ मैं बताऊंगा वो सिर्फ तुम्हारे कानों के लिए होगा."

ठक्क!

फिर नीचे पाइप-फोन को वो तुम्हारे कान के पास लटकाएगा

बूढ़े वन्स-लेर की फुसफुसाहत बहुत स्पष्ट नहीं होगी

चूँकि आवाज़ को नीचे

एक पाइप के माध्यम से आएगी,

और उसकी आवाज़ ऐसी लगेगी


मानो छोटी-छोटी मधुमक्खियाँ उसकी नाक पर भिनभिना रही हों.


"अब मैं तुम्हें बताता हूँ," उसने कहा.

"लोरैक्स को कैसे उठाया गया और ले जाया गया...


यह सब बहुत पहले हुआ था...

एक लंबे अरसे पहले, बहुत समय पहले...







बहुत पहले की बात है जब घास अभी भी हरी थी
और तालाब में अभी भी साफ पानी था
और बादल अभी भी नीले थे,
और स्वोमी-हंसों का गीत आसमान में गूँजता था...
एक सुबह, मैं इस गौरवशाली स्थान पर आया.
और मैंने पहली बार वो पेड़ देखे!
ट्रफ़ुला के पेड़!
ट्रफ़ुला पेड़ों में चमकीले रंगीन गुच्छे थे!
सुबह की ताज़गी में वे मीलों तक फैले थे.





और, पेड़ों के नीचे, मैंने ब्राउन बार-बा-लुट्स को देखा
वे अपने बार-बा-लूट सूट पहनते थे
वे छाया में खेलते थे और ट्रफ़ुला के फल खाते थे.





लहरों से भरे तालाब से
खुशहाल आवाजें आती थीं
वहां हम्मिंग-मछली गुंजन करती थीं
वे पानी में इठलाती थीं.







मुझे अपने हृदय में खुशी की एक बड़ी लहर महसूस हुई.
मैं जानता था कि अब मुझे क्या करना है!
मैंने वहीं अपनी गाड़ी से सामान उतारा.


लेकिन वो पेड़! वो पेड़!
वो ट्रफ़ुला का पेड़!
मैंने अपना पूरा जीवन गंवाया था
उन जैसे पेड़ों की खोज में.
उनके रेशों का स्पर्श रेशम से भी अधिक कोमल था.
और उनमें ताजे, तितली के दूध की मीठी गंध थी.








जल्द ही मैंने वहां एक छोटी सी दुकान बनाई.
फिर मैंने एक वार से ट्रफ़ुला का एक पेड़ काटा.
और बड़ी कुशलता से और बड़ी तीव्र गति से,
उसके मुलायम रेशों से और मैंने एक थनीड बुना!





जैसे ही मैंने काम ख़त्म किया, मैंने एक जोरदार आवाज़ सुनी!

मैंने देखा.

मैंने उस ठूंठ से कुछ बाहर निकलते हुए देखा

उसी पेड़ में से जिसे मैंने अभी काटा था. वो एक तरह का आदमी था.


उसका वर्णन?.. बड़ा मुश्किल था. मुझे पता नहीं कि मैं कर पाऊंगा या नहीं

वह नाटा था और बूढ़ा था.

वह भूरा और छोटा था.

उसका स्वर एकदम ऊंचा था.

वह तीखा और दबंग था.



"मिस्टर!" उसने छींकते हुए कहा,
"मैं लोरैक्स हूं. मैं पेड़ों के लिए बोलता हूं.
मैं पेड़ों के लिए बोलता हूं, क्योंकि पेड़ों की कोई ज़ुबान नहीं होती.
और मैं आपसे अपनी सबसे बुलंद आवाज़ में पूछ रहा हूं, मिस्टर!"
वह बहुत परेशान था. वो चिल्लाया फिर उसने अपना मुँह फुलाया
"वह क्या चीज़ है जो तुमने मेरे ट्रफ़ुला के रेशों से बनाई है?"

"देखो, लोरैक्स," मैंने कहा.

"चिंता का कोई कारण नहीं है.

मैंने सिर्फ एक पेड़ ही काटा है.

मैं कोई नुकसान नहीं पहुंचा रहा हूं.

मैं काफी उपयोगी साबित हो रहा हूं.

वो चीज़ एक थनीड है.

वो एक बढ़िया चीज़ है जिसकी सभी लोगों को ज़रूरत है!

वह एक शर्ट है. वह एक मोजा है. वह एक दस्ताना है. वह एक टोपी है.

लेकिन उसके अन्य उपयोग भी हैं. हाँ, जो इनसे भी आगे हैं.

आप इसका कालीन जैसे उपयोग कर सकते हैं.

तकिए के लिए! चादर के लिए!


या पर्दे! या साइकिल की सीट के लिए कवर के लिए!"


लोरैक्स ने कहा,

"सर! आप लालच में पागल हो गये हैं.

पृथ्वी पर कोई ऐसा शख्स नहीं है

जो उस बकवास थनीड को खरीदेगा!”






लेकिन अगले ही मिनट मैंने साबित कर दिया कि वह गलत था.
क्योंकि, ठीक उसी समय, एक आदमी आया,
और उसे लगा कि जो थनीड मैंने बुना था वह बहुत अच्छा था.
उसने ख़ुशी-ख़ुशी उसे तीन डॉलर अठ्ठानवे सेंट में खरीद लिया.


मैं लोरैक्स पर हँसा, "तुम बेचारे मूर्ख हो!
तुमको क्या पता कि लोग क्या खरीदेंगे."



"मैं दोहराता हूं," लौरैक्स चिल्लाया,
"मैं पेड़ों के लिए बोलता हूँ!"

"मैं व्यस्त हूं," मैंने उससे कहा.
"चुप रहो, बूढ़े आदमी."
फिर मैं दौड़कर कमरे के पार गया, और कुछ ही समय में,
मैंने एक रेडियो-फोन बनाया. मैंने तुरंत कॉल लगाई
मैंने अपने सभी भाइयों और चाचा-चाचियों को बुलाया
और मैंने कहा, "ज़रा सुनो! यहाँ एक अद्भुत मौका है
एक बार में पूरे परिवार के लिए बेहद अमीर बनने के लिए!
जल्दी यहाँ पहुँचो! उत्तरी निच की ओर जाने वाली सड़क पकड़ो.
वेहौकेन पर बाएँ मुड़ो. साउथ स्टिच पर तीव्र दायां रास्ता लो."





फिर, कुछ ही समय बाद,
मेरे द्वारा निर्मित कारखाने में,
संपूर्ण वन्स-लेर परिवार
अपनी पूरी ताकत से काम कर रहा था.
हम सब थनीड्स बुन रहे थे
हम मधुमक्खियों की तरह व्यस्त से,
और हर जगह ट्रफ़ुला पेड़ों के
कटने की आवाज गूँज रही थी.



तब...

वाह-रे-वाह

मेरा व्यवसाय कितना बढ़ा!

अब एक बार में

सिर्फ एक पेड़ काटना

बहुत कम और धीमा था.

इसलिए मैंने तुरंत अपने सुपर-आरे का आविष्कार किया


जिसने एक ही बार में चार ट्रफ़ुला पेड़ों का काम तमाम किया.

हम थनीड्स बना रहे थे

पहले से चार गुना तेज़!

और वह लोरैक्स?...


फिर मुझे वो दिखाई ही नहीं दिया.




लेकिन अगले हफ्ते उसने फिर से दस्तक दी
मेरे नए ऑफिस के दरवाजे पर.


उसने कहा, "मैं लोरैक्स हूं जो पेड़ों के लिए बोलता हूं
देखिए आप पेड़ों को बड़ी तेजी से काट रहे हैं.
लेकिन मैं ब्राउन बार-बा-लूट्स का भी प्रभारी हूं
जो अपने बार-बा-लूट सूट पहन छाया में खेलते हैं
और ट्रफुला के फल खाकर खुशी से जीते हैं.

"क्योंकि आप मेरे पेड़ों को काट-काटकर गिरा रहे हैं
इसलिए ज़नाब, पर्याप्त मात्रा में ट्रफ़ुला फल नहीं बचे हैं.
अब मेरे बेचारे बार-बा-लुटस बेकार चीजें खाने को मज़बूर हैं
इसलिए अब उनके पेट में कोई दाना नहीं,
खाना नहीं, सिर्फ गैस भरी है!



"उन्हें यहां रहना बहुत पसंद था.
लेकिन अब मैं उन्हें यहां रहने नहीं दे सकता.
उन्हें खाना ढूंढना होगा. और मुझे आशा है कि वे ऐसा कर पाएंगे.
शुभकामनाएँ, लड़कों," लोरैक्स रोया.
और फिर उसने उन्हें विदा किया.

मैं, वन्स-लेर, काफी दुखी हुआ
जब मैंने उन सभी को जाते हुए देखा.
लेकिन...
व्यापार तो व्यापार होता है!
और धंधा बढ़ना ही चाहिए
फिर पेट में गैस की परवाह कौन करता है.







मेरा मकसद कोई नुकसान पहुंचना नहीं था.
और मैंने सच में ऐसा कुछ नहीं किया.
लेकिन मुझे धंधा बढ़ाना था. इसलिए मैंने व्यापार बढ़ाया.
मैंने अपनी फैक्ट्री बड़ी की. मैंने अपनी सड़कें चौड़ी कीं.
मैंने अपने वैगन बड़े किए. मैंने थनीड्स की संख्या बढ़ाई.
अब मैं उन्हें दूर-दूर भेज रहा था
दक्षिण में! पूर्व में! पश्चिम की ओर! और उत्तर की ओर!
मेरा धंधा चमकने लगा... और मैं अधिक थनीड्स बेचने लगा.
और मैंने अपनी पूँजी बढ़ाई,
क्योंकि दुनिया में जरूरी होती है कमाई.






लेकिन फिर वह वापस आया! मैं कुछ पाइप ठीक कर रहा था
जब वह बूढ़ा लोरैक्स और अधिक कष्ट सुनाने के लिए वापस आया.
"मैं लोरैक्स हूं," वह खांसा और फुसफुसाया.
उसे छींक आई और उसने सूंघा. उसने झपकी ली.
उसने सूँघा. "वन्स-लेर!" वह कर्कश स्वर में चिल्लाया.
"वन्स-लेर! तुम इतना गंदा धुआँ पैदा कर रहे हो!
देखो मेरे बेचारे स्वोमी-हंस... वे अब एक सुर भी नहीं गा सकते हैं!
जिनके गले में धुँआ भरा हो वो भला कुछ कैसे गा सकते हैं.






"और इसलिए," लोरैक्स ने कहा,

"कृपया मेरी खांसी को माफ करें

अब मेरे हंस यहां नहीं रह सकते.

इसलिए मैं उन्हें विदा कर रहा हूं.

"वे कहाँ जाएंगे?...

मुझे नहीं पता.

उन्हें एक महीने... या एक साल तक उड़ान भरनी पड़ सकती है...


उस धुएं से बचने के लिए जो आपने यहां चारों ओर फैलाया है."




"और इसके अलावा," लोरैक्स ने कहा. (उसके बाल अब खड़े थे.)
"मुझे ग्लुपिटी-ग्लुप्प मछलियों के बारे में कुछ कहना है.
तुम्हारी मशीनें दिन-रात बिना रुके चलती रहती हैं
ग्लुपिटी-ग्लुप!!! श्लॉपीटी-श्लॉप्प!!!
फिर तुम इस बचे हुए कचरे का क्या करते हो?...
मैं तुम्हें दिखाऊंगा, तुम गंदे बूढ़े वन्स-लेर, मैं तुम्हें दिखाऊंगा!



"तुमने उस तालाब को बर्बाद कर दिया है जहां हमिंग-मछली गुनगुनाती थी!
वे अब गुनगुना नहीं सकतीं, क्योंकि उनके गलफड़े आपस में चिपक गए हैं.
इसलिए मैं उन्हें विदा कर रहा हूं. देखो, उनका भविष्य अंधकारमय है.
अब वे अपने मीनपंखों पर चलेंगी जिससे वे बुरी तरह थक जाएंगी
वो एक ऐसा ताल तलाश करेंगी जो यहाँ जितना गंदा न हो."






फिर मैं पागल हो गया. मैं बुरी तरह बौराया.

फिर मैं लोरैक्स पर चिल्लाया, "अब कुछ मेरी भी सुनो, मेरे बाप!

तुम बस चिल्लाते हो और कहते हो, 'बर्बाद!' खराब! खराब! खराब!'

देखो, मेरे भी कुछ अधिकार हैं, सर, और वो मैं तुमको बता रहा हूं

मेरा इरादा वही करते रहने का है जो मैं करता आ रहा हूँ!

देखो लोरैक्स, तुम्हारी जानकारी के लिए, मैं एक योजना बना रहा हूं

अपना काम बढ़ाने की

अन्य फैक्ट्री लगाने की

मैं अपना धंधा बढ़ाने की


बात सोच रहा हूँ.

मैं अधिक से अधिक ट्रफ़ुला पेड़ों को, थनीड्स में बदलने की सोच रहा हूँ

जिसकी दुनिया में हर किसी की ज़रूरत पूरी हो सके!"





तभी उसी क्षण, हमने एक तेज़ आवाज़ सुनी!
बाहर एक पेड़ पर कुल्हाड़ी गिरने की
हमने एक मनहूस आवाज़ सुनी.
फिर हमने पेड़ गिरने की आवाज सुनी.
वो वहां का सबसे आखिरी ट्रफ़ुला पेड़ था!





अब कोई पेड़ नहीं. अब और कोई थनीड नहीं. अब सब काम बंद.
फिर कुछ ही समय बाद मेरे चाचा-चाची, और सब रिश्तेदार,
सभी ने हाथ हिलाकर मुझ से अलविदा कहा. वे मेरी कारों में कूदे
और धुएँ से भरे तारों के नीचे चले गए.

अब उस दुर्गंधयुक्त आकाश के नीचे सिर्फ चंद चीज़े बची थीं
मेरी बड़ी वीरान फैक्ट्री...
लॉरेक्स...
और मैं.





लोरैक्स ने फिर कुछ नहीं कहा. बस उसने मुझे एक नज़र देखा...
उसने मुझ पर एक बड़ी उदास, दर्दनाक नज़र डाली...
फिर उसने खुद को अपनी पैंट की सीट से उठाया
मैं उसके चेहरे का गंभीर भाव कभी नहीं भूल पाया
फिर उसने खुद को उठाया और वो यहां से चला गया
कोई निशान छोड़े बिना, धुंध के एक छेद में चला गया.




और लोरैक्स यहां, इस गंदगी में अपने पीछे
चट्टानों के एक छोटे से ढेर में, एक शब्द छोड़ गया...
"जब तक."
उसका मतलब क्या था? मैं कभी ठीक से समझ नहीं पाया.

इस बात को गुज़रे बहुत समय बीत गया.
लेकिन उस दिन के बाद से हर दिन
मैं यहां बैठता हूं और चिंतित हूं
और मेरी चिंता दूर नहीं हुई है.
वर्षों बाद जबकि मेरी सारी इमारतें
जर्जर होकर टूट गई हैं,
मुझे इस बात की
अपने दिल में अभी भी बड़ी चिंता है.

"लेकिन अब" वन्स-लेर ने कहा.
"क्योंकि अब जब तुम यहाँ आए हो,
तो लोरैक्स के शब्द मुझे साफ़-स्पष्ट समझ आए हैं.
जब तक तुम्हारे जैसा कोई युवा
पर्यावरण की बहुत ज्यादा परवाह नहीं करेगा
तब तक दुनिया में कुछ भी बेहतर नहीं होगा.





"इसलिए..पकड़ो!"

वन्स-लेर ऊपर से चिल्लाया.

उसने ऊपर से कुछ फेंका.

"देखो, यह ट्रफ़ुला का एक बीज है.

शायद वो सबसे आखिरी बीज है!

तुम इस अंतिम ट्रफ़ुला बीज के प्रभारी हो.

और ट्रफ़ुला वे पेड़ वो हैं जिनकी हर शख्स को ज़रूरत है.

इस नए ट्रफ़ुला के बीज को बोओ. उसकी सावधानी से हिफाज़त करो.

उसे साफ पानी पिलाओ. उसे ताजी हवा खिलाओ.

एक जंगल उगाओ. उन पेड़ों को कुल्हाड़ियों से बचाओ.

फिर लोरैक्स

और उसके बाकी सभी दोस्त

शायद एक दिन वापिस आएं."